

# सर्व- गुण- संपन्न... देश चीन

बेशुमार शक्तियों से परिपूर्ण धनी देश...आज उसकी सफल आर्थिक नीति, तकनीकी प्रगति, सैन्य आधुनिकीकरण की वजह से अन्य देशों की तुलना में चीन को सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल है। कूटनीतिक सक्रियता बनाए रखते हुए चीन ने वैश्विक निवेश के दरवाजे खोलने की पहल की। यही उसकी शक्ति का सफल सूत्र बन कर उभरा। आज दुनिया में चीन को हर क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के कारण उसे ग्लोबल मंच पर महाशक्ति की उपाधि प्राप्त है। वैश्वीकरण प्रक्रिया का नेतृत्व करते हुए चीन ने दुनिया के कई देशों को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, जलवायु परिवर्तन, संस्कृति और तकनीकी क्षेत्रों अधिक घनिष्ठता से जुड़ने के अवसर दिए।

**MADE IN CHINA ..** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पटल पर यह एक ऐसा परिवर्तन हुआ जहां विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं, पूंजी और सूचना के आदान प्रदान से विश्वव्यापी बदलाव आए। चीन अपने वैश्विक प्रभाव की पकड़ को मजबूत करते हुए आज दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।



**ऐतिहासिक दृष्टिकोण**.. पूर्वी एशिया में स्थित दुनिया का सबसे विशाल देश चीन ने अपनी प्राचीन धरोहर और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए दुनिया को एक नया दृष्टिकोण दिया। प्राचीन काल से चीन ने विश्व को महत्वपूर्ण योगदान दिए है। इतिहास में दर्ज 'सिल्क रूट' को कैसे भुलाया जा सकता है जिसके माध्यम से अन्य देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान किया जाता था। वर्तमान में भी चीन

वैश्विक व्यापार में कई उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक है। आज दुनिया में उसे तेज निर्यात की फैक्ट्री माना जाता है। गगनचुंबी निर्मित इमारतें जहां ऊंचे- ऊंचे ब्रिज पर दौड़ती कारें, और साथ मेट्रो दौड़ को आधुनिक और औपनिवेशिक युग के वास्तुशिल्प को देश की अद्भुत क्षमता के उदाहरण को दर्शाता है। इसके मुख्य शहरों जैसे बीजिंग, शंघाई और शेन्ज़ेन ने वैश्विक व्यापार और वित्तीय केंद्रों के रूप में स्थापित कर अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की है।



**हम किसी से कम नहीं...** चीन ने अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में अपनी सैन्य ताकत का आधुनिकीकरण करते हुए अपना दबदबा बनाए रखने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। यही नहीं संयुक्त राष्ट्र और अन्य संस्थाओं में सक्रियता से अपनी विश्वव्यापी भूमिका निभाने पर बल देता रहा। चीन ने अपनी दूरगामी नीतियों के माध्यम से जैसे सड़कों, रेलवे व बन्दरगाहों के विस्तार में जबरदस्त निवेश करते हुए , अपने प्रभाव को मजबूत करा । आज एशिया, अफ्रीका के कई देश आर्थिक रूप से चीन पर पूरा निर्भर है।

**सोने पे सुहागा...** संस्कृति और पर्यटन की दृष्टि से चीन अपार प्राकृतिक सौंदर्य और संसाधनों से परिपूर्ण देश है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि, देश का प्राचीन इतिहास, सांस्कृतिक धरोहरों और आधुनिकता का बेजोड़ संगम का एक बेहतरीन उदाहरण है। यही कारण है कि चीन के ऐतिहासिक स्थल और देश का अत्याधुनिक शहरीकरण विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करता आया है। चीन की वास्तुकला, कलांए, नृत्य और खान-पान इसकी समृद्ध संस्कृति को दर्शाते है। चीनी नववर्ष और डैंगन बोट फेस्टिवल उत्सव दुनिया भर में प्रसिद्ध है। विभिन्न पर्यटन स्थलों को अपनी विशालता और विविधता की वजह से, उन्हें विश्व प्रसिद्ध



ही नहीं, बेजोड़ विश्व धरोहर का दर्जा दिया गया है। कुछ अनोखे महत्वपूर्ण स्थलों  का जिक्र यहां पर न करना देश के प्रति नाइंसाफी होगी।

Great Wall of China. दुनिया का सातवां अजूबा .. एक महान दीवार जो कि 13000 मील की है ,इस पर चढ़ाई करने के बाद की खुशी का अनुभव अवर्णनीय है। दिल की धड़कनों को खुशनुमा चलती, ठंडी हवाओं व परिदृश्यों ने राहत की सांस दी। चीन ने प्राचीन काल में देश की सुरक्षा के लिए यह अजूबी दीवार बनाई थी।

**Forbidden City**...बीजिंग में स्थित यह महल 600 वर्ष तक प्राचीन सम्राटों का शाही महल था। यहां शाही जीवन की झलक और चीनी इतिहास को समझा जा सकता है।

**Terracotta Army.** यह पर्यटकों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहां हजारों सैनिकों की मूर्ति को अद्वितीय आकार दिया गया है ,जो चीन के प्राचीन सामाज्य की शक्ति और महत्वाकांक्षा को बखूबी दर्शाता है।

चीन में जहां आधुनिक स्काईलाइन सिचुआन प्रांत में स्थित पांडा संरक्षण केंद्र है, तो पहाड़ पर स्थित अद्भुत महल पोटाला अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र है। यह कभी दलाई लामा का आधिकारिक निवास था। तो मकाऊ अपने विश्व प्रसिद्ध कैसीनो और पुर्तगाली वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। **गुइलिन और यांगशुओ** चीन के सबसे खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों में से है। यहां पर्वत श्रृंखलाएं, शांत नदियाँ और हरे-भरे मनमोहक परिदृश्य प्रकृति प्रेमियों को अपने सौंदर्य से मोह लेंगे।

**झांगजियाजी नेशनल फॉरेस्ट पार्क** अपनी अनोखी चट्टानी संरचनाओं, ऊंचे-ऊंचे खम्भों और अविश्वसनीय प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। यह जगह साहसी पर्यटकों और फिल्मकारों के बीच लोकप्रिय है।



चीन बहुआयामी देश है, जहां इतिहास, संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत उदाहरण है, तो इसकी विविधता, प्राचीन धरोहर और आधुनिकता का संगम , इसे विश्व मानचित्र पर एक अनुशासित संगठित देश होने का गौरव हासिल है।

## Another crown as Feather 👑 EV Revolution

---

**‘China is the world’s leading manufacturer and exporter of Electric Vehicles. A Total 17.3 million electric cars were produced and exported worldwide in 2024**

---

Gitanjali Saxena 2025